# डंडई : महाशिवरात्रि को लेकर जोगिया बाबा पहाड़ पर मेले की तैयारियां पूरी

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

डंडई प्रखंड के तसरार पंचायत अंतर्गत टोरीकला- नावाडीह ग्राम स्थित जोगिया नाथ धाम महाशिवरात्रि को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। यहां अवस्थित निमार्णाधीन शिव मंदिर में पूजा को लेकर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ होती है इसको लेकर जोगिया बाबा मंदिर निर्माण समिति सर मेला आयोजन समिति के द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सारी व्यवस्था कर ली गई है। यहां लगने वाले मेले को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। यहां प्रत्येक वर्ष सावन एवं शिवरात्रि के मौके पर मेले का भव्य आयोजन किया जाता है। मेला आयोजन समिति के लोगों ने बताया कि यहां दूर-दूर से लोग मंदिर पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचते हैं पूजा के उपरांत मेले का आनंद लेते है पहाड़ी के चोटी पर स्थित मंदिर में भगवान का शंकर की पूजा अर्चना कर लोग मन्नते मांगते है और पूरी होने पर प्रसाद चढ़ाते है। पिछले दो वर्षों से कोरोना के कारण मेले का आयोजन बंद था इस बार श्रद्धालुओ की भीड़ बढ़ने की उम्मीद है। मंदिर में पूरे दिन पूजा अर्चना किया जाता है इसको लेकर कमेटी के लोगों के द्वारा पिछले एक सप्ताह पहले से तैयारी की शुरू कर दी जाती है। श्रद्धालुओं के सुविधा लिये कमिटी के लोग रात दिन लगे हुए रहते हैं। इसमें मंदिर में पूजा करने पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद पानी की व्यवस्था भी किया जाता है। यहां लोग पूजा अर्चना कर नीचे मेले का आनंद लेते हैं कमेटी के द्वारा मंदिर तक जाने वाली सड़क को भी ठीक कर दिया गया है।





## डोल पंचायत के चपकली गांव में शिवरात्रि के दिन लगेगा भव्य मेला



**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत डोल पंचायत के चपकली गांव के बिचला टोला स्थित शिव स्थान पर महाशिवरात्रि के शुभ अवसर ग्रामीणों ने भव्य मेले लगाने का निर्णय लिया है। वहीं मेले को भव्य रूप देने के लिए गुरुवार को ग्रामीणों की एक बैठक बुलाई गई जहां बैठक की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह मुखिया पति उमाशंकर गुप्ता उर्फ टूनी साह के द्वारा किया गया। ग्रामीणों ने सर्व समिति से यह निर्णय लिया कि आगामी 18 फरवरी दिन शनिवार को महाशिवरात्रि के शुभ अवसर शिव स्थान पर मेले लगाने का निर्णय लिया, वहीं मेले को भव्य रूप देने के लिए विशेष रूप से चर्चा की गई तथा मेले वाले स्थल की रूपरेखा भी तैयार की गई। साथ ही शिवरात्रि के दिन उक्त स्थल पर लगने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए श्रद्धालु को किसी भी तरह की दिक्कत ना हो इसके लिए भूलेनटीअर की भी ग्रामीणों के द्वारा नियुक्ति की गई। इसकी जानकारी देते हुए पंचायत के मुखिया पति सह प्रतिनिधि उमाशंकर गुप्ता ने बताया कि महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में आज हमारे पंचायत में ग्रामीणों के द्वारा मेले लगाने का निर्णय लिया गया है जो सराहनीय है। मौके पर राम लखन सिंह, भुनेश्वर सिंह, जितेंद्र सिंह, घनश्याम प्रसाद, गुप्तेश्वर साह, जयप्रकाश गुप्ता, विनय सिंह, नंदलाल कुमार रवि, नवीन गुप्ता, छोटू साह, रंजीत गुप्ता, अयोध्या प्रसाद, शिवनाथ बियार, प्रसिद्ध सिंह शिव सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### सहिया चयन के लिए मुखिया नें लिखा पत्र



**रमना।** सिलीदाग ग्राम पंचायत के मुखिया अनीता देवी के द्वारा मंगरा मौजा एवं सिलीदाग मौजा में लम्बित पड़े सहिया चयन को जल्द से जल्द कराने हेतु अनुमंडल चिकित्सा पदाधिकारी नगर उंटारी को आवेदन देकर चयन का आग्रह किया है। ज्ञात हो कि असैनिक शल्य चिकित्सक प्रमुख चिकित्सा पदाधिकारी गढ़वा के आदेशानुसार रमना प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलीदाग में तीन सहिया का चयन पंचायत के मुखिया की अध्यक्षता में बैठक कर पूरी प्रक्रिया का पालन करते हुए बिना किसी विवाद /व्यवधान के चयन कराने हेतू आदेश प्राप्त हुआ था। उक्त आदेश के आलोक में मुखिया अनीता देवी द्वारा 18.09.2022 को ग्राम मंगरा हेतु एवं दिनांक 19.09. 2022 को ग्राम सिलिदाग हेतु पंचायत सचिवालय सिलिदाग के सभागार में आम सभा का आयोजन किया गया था। लेकिन ग्रामीणों के विरोधाभास हो जाने के कारण सहिया चयन प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी थी। चयन हेतु बिटिटी से संपर्क किया गया। लेकिन सहिया चयन नहीं हो सका। जिस कारण स्वास्थ्य सम्बन्धित जागरूकता में समस्या को देखते हुए। मुखिया द्वारा गुरुवार को अनुमंडल चिकित्सा पदाधिकारी नगर उंटारी को पत्र देकर लम्बित सहिया चयन प्रक्रिया को जल्द से जल्द कराने हेतु अनुरोध किया गया है।

### फर्नीचर व इलेक्ट्रॉनिक शॉप का उद्घाटन

**केतार।** केतार कपूरी गेट के समीप राजा फर्नीचर एवं इलेक्ट्रॉनिक शॉप का उद्घाटन गुरुवार को समाजसेवी पंकज सिंह ने फीता काटकर किया।इस अवसर पर समाजसेवी पंकज सिंह ने कहा की केतार जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में फर्नीचर एवं इलेक्ट्रॉनिक शॉप खुलने से स्थानीय लोगों को सहुलियत होगी। इलेक्ट्रॉनिक और फर्नीचर समाग्री खरीदने के लिए बाहर जाना नहीं पड़ेगा। वहीं प्रोपराइटर फुजैल अंसारी ने बताया की हमारे शॉप में उचित मुल्य पर फ्रीज, कुलर, गोदरेज, ड्रेसिंग, दिवान पलंग, सौफा, सहित अन्य समाग्री उपलब्ध हैं। इस मौके पर अनील पासवान, बब्लू सिंह, ब्रह्मदेव गुप्ता, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### शताब्दी समारोह का हुआ आयोजन



**चिनीया।** चिनिया प्रखंड मुख्यालय स्थित इंडो इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के परिसर में गुरुवार को अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के तत्वाधान में संगठन के 100 वर्ष पूरे होने पर शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया। बताते चलें कि अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा संगठन के 100 वर्ष पूरे होने पर गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडों में शताब्दी समारोह का आयोजन कर यादव परिवार के द्वारा शताब्दी समारोह को भव्य रूप से मनाया जा रहा है । वही आज चिनीया में हो रहे शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में यादव महासभा के जिला अध्यक्ष कृष्ण प्रसाद यादव, युवा जिला अध्यक्ष सोनू यादव, उपाध्यक्ष गोपाल कुमार यादव, रेजीमेंट मोर्चा के कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष विजय यादव, संरक्षक अरविंद यादव, मुंशी यादव इस बैठक में उपस्थित हुए। वही शताब्दी समारोह में कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विशेष रूप से चर्चा हुइ। तथा संगठन को मजबूत करने के लिए रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम में चिनिया प्रखंड से अधिक से अधिक संख्या में यदुवंशी समाज के लोगों को शामिल होने के लिए भी निवेदन किया गया बैठक में चिनिया प्रखंड से काफी संख्या में यादव समाज के लोग उपस्थित हुए । मौके पर प्रखंड अध्यक्ष राम सागर यादव शिवदास यादव,चंद्रिका यादव, प्रताप यादव,अनिल यादव, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एसपी ने किया अपराध की समीक्षा गोष्टी की बैठक

# भीड़ को नियंत्रित और विधि व्यवस्था स्थापित करें : एसपी

### सभी थाना प्रभारियों को सभी धार्मिक स्थल पर गति तेज करने का दिया निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा ने गुरुवार को पुलिस लाइन स्थित पुलिस केंद्र में अपराध की समीक्षा गोष्टी किया बैठक में अगामी महाशिवरात्रि, होली एवं रामनवमी त्यौहार को ध्यान में रखते हुए आवश्यक तैयारी का निर्देश सभी थाना प्रभारी को दिया। सभी पूजा स्थलों का भौतिक निरीक्षण करते हुए वहा भीड़ नियत्रंण एवं विधि व्यवस्था संधारण के दृष्टिकोण से आवश्यकताओं का आकलन करने का निर्देश दिया। एसपी ने सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत सभी थाना क्षेत्रों में, विशेष रूप से राष्ट्रीय मार्ग/राजकीय मार्ग में सघन अभियान चलाते हुए मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान विशेष रूप से शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले, बिना हेलमेट दोपहिया चलाने वाले एवं तेज गति से वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी थाना अंतर्गत कम से कम 02 विद्यालय में पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। एसपी ने विगत माह घटित सभी महत्वपूर्ण आपराधिक घटनाओं की समीक्षा करते हुए काण्डो में आवश्यक कारवाई करते हुए त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। साथ ही अवैध खनन की शिकायत मिलने पर तत्काल क्षेत्र के अंचलाधिकारी को सूचित करते हुए अन्तर्गत कार्रवाई करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही अवैध खनन में संलिप्त वाहनों को राजसात हेतु प्रस्ताव अविलंब समर्पित करने का निर्देश दिया। साथ ही थाना दिवस के अवसर पर अंचल के पदाधिकारी के साथ मिलकर भूमि विवाद से संबंधित अधिक से अधिक मामलों के निपटारे पर बल दिया । सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पुराने लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए अनुसंधान में तेजी लाएंगे एवं विशेष रूप से 05 वर्ष से अधिक लंबित कांडों का शत प्रतिशत निष्पादन वर्ष के अंत तक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने न्यायालय से निर्गत वारंट/ कुर्की, सूचनाधिकार से संबंधित मामले, चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट सत्यापन एवं पी0जी0 पोर्टल से संबंधित लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश सभी थाना प्रभारी को दिया। गढ़वा जिलाअन्तर्गत डंडा थाना क्षेत्र के ग्राम भिखही टोला गोबरदाहा के नन्हकु चैधरी उर्फ यशु चैधरी को अज्ञात अपराधियों द्वारा घर से अपहरण कर गांव के उत्तर पूरब में ले जाकर बरवाही के पास खाली सुनसान जगह पर हत्या कर दिया गया था। उक्त कांड में अज्ञात अभियुक्तों का पता लगाकर उनकी गिरफ्तारी के लिये पु0नि0 कृष्णा कुमार साहू, अ0नि0 निरज कुमार, अ0नि0 रंजन कुमार, अ0नि0 फ्रासिंस मिंज, स0अ0नि0 सुरिन टुडू, हव0 सुरेन्द्र राम-2 एवं आरक्षी 442 निरंजन कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर डीएसपी संतोष कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध कुमार यादव, थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत कृष्ण कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मनाया मंत्री ठाकुर का जन्मदिन

## रक्तदान और मरीजों के बीच फल वितरण




**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के जन्मदिन के मौके पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। तत्पश्चात मरिजों के बीच फल एवं ब्रेड का वितरण किया। इससे पूर्व मंत्री ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर कार्यकर्ताओं ने केक काटकर जन्मदिन मनाया। झामुमो कार्यकर्ताओ ने नौ यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, महिला मोर्चा मुख्य संयोजक रेखा चौबे, मेराल महिला मोर्चा अध्यक्ष अराधना सिंह, महिला मोर्चा जिला सचिव चंदा देवी, विवेक सिंह, विकास राणा, मयंक दिवेदी, भोला केशरी व अमरेश झा का नाम शामिल है।

मौके पर झामुमो नेताओं ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने उत्सव के मौके पर भी सेवा की भावना है। झामुमो के लोग जनसेवा के किसी भी मौके को नहीं छोड़ते हैं। लोगों ने केक काटकर मंत्री ठाकुर के लंबी उम्र की कामना किया। सभी ने एक-दूसरे को केक खिलाया एवं मिठाईयां बांटी। कहा कि मंत्री ठाकुर जैसे जनप्रतिनिधि मिलना पूरे गढ़वा वासियों के लिए बहुत ही गर्व की बात है। मौके पर उक्त सहित झामुमो जिला सचिव मनोज ठाकुर, अनिता दत्त, फुजैल अहमद, रंथा नायक, टुनटुन, दिलीप गुप्ता, भोला केसरी, राजा सिंह, धनंजय पासवान, जफर खान, मिथिलेश चौधरी, पप्पू तिवारी, जितेंद्र चौधरी, अरविंद पटवा, विष्णु सिंह, नीलू खान, अरमान सिद्दीकी, ओम प्रकाश गुप्ता, फैजुल अंसारी, बबलू सिंह, सत्यम सिंह, विकास राणा, शुभम गुप्ता, बलवंत, शादाब खान, अभिषेक मेहता, कौस्तुभ तिवारी, रेखा पाठक, चंदा देवी, आराधना सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### लूट व मर्डर मामले में दो गिरफ्तार

**कोडरमा।** कोडरमा में एक 11 फरवरी को हुए हाईवे लूट और मर्डर का पुलिस ने खुलासा कर लिया है और इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से लूटी गई पिकअप वैन, स्कूटी और हत्या में इस्तेमाल किए गए चाकू पत्थर और एयरगन को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। 11 फरवरी को कोडरमा के चंदवारा थाना क्षेत्र के जवाहर घाटी में एनएच 31 के किनारे खून से लथपथ एक शव बरामद किया गया था। शव की पहचान डोमचांच के रहने वाले पिकअप चालक सोनू पंडित के रूप में की गई थी। पुलिस के मुताबिक सोनू के पिकअप वैन को लूटने की नियत से इन दोनों आरोपियों ने उसे तिलैया थाना क्षेत्र से बुक किया और बरही की ओर चलने को कहा।

# पुस्तकालय प्रबंधन व सलाह समिति का किया गठन



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के निर्देशानुसार नरही पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ठाकुर ने गुरुवार को पंचायत सचिवालय में बैठक कर पुस्तकालय प्रबंधन एवम सलाह समिति का गठन किया। बैठक में जानकारी देते हुये पंचायत सचिव बिरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग के निर्देश के आलोक में 16 सदस्यीय पुस्तकालय प्रबंधन एवं सलाह समिति का गठन किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित सदस्यों को प्रबंधन एवम सलाह समिति के गठन के उद्देश्यों की जानकारी विस्तार से दिया। बैठक में सर्वसम्मति से पुस्तकालय प्रबंधन एवं सलाह समिति का गठन किया गया जिसमें पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ठाकुर को अध्यक्ष, पंचायत सचिव बिरेन्द्र कुमार सिंह को सचिव,वार्ड सदस्य सह शिक्षा स्वास्थ्य व वन पर्यावरण समिति के अध्यक्ष शर्मा राम, स्वयंसेवक कृष्णा कुमार, सेवा निवृत्त शिक्षक विंध्याचल सेठ, पंचायत के दो युवक रामेश्वर राम,सूरज कुमार, महिला संगठन के सुनीता देवी, संगीता देवी, पंचायत के विद्यालयों के शिक्षक सुधीर चौबे,निर्मल कुमार,अलीम अंसारी, बिनोद ठाकुर, अनूप कुमार विश्वकर्मा, कुमारी नीलम पांडेय व ज्ञान प्रकाश को सदस्य तथा लाइब्रेरियन सत्येंद्र कुमार को बनाया गया। बैठक में उपमुखिया शारदा पासवान, पंचायत सचिव बिरेन्द्र कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार, कुमारी नीलम पांडेय, रामेश्वर राम, सूरज कुमार, सुनीता देवी, संगीता देवी, शर्मा राम, सुधीर चौबे, निर्मल कुमार, बिनोद ठाकुर,अलीम अंसारी, अनूप कुमार विश्वकर्मा, ज्ञान प्रकाश सहित अन्य उपस्थित थे।

### जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र लेकर हुई बैठक

**भवनाथपुर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को जिला सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी चन्ददेव पासवान ने जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने को लेकर प्रखंड के पंचायत सचिव के साथ बैठक की। बैठक में सभी पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया कि जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए ऑफिस का चक्कर लगाना नहीं पड़े। इसलिए सभी पंचायत सचिव को 21 दिन के अंदर संबंधित परिवार को जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत कराना है। पंचायत स्तर पर प्रमाण पत्र बनाने के लिए पंचायत सचिव द्वारा शपथ पत्र तैयार कर पंचायत स्तर से प्रमाण पत्र निर्गत करने से संबंधित जानकारी दी गयी। इस मौके पर कंप्यूटर ऑपरेटर प्रभात कुमार, पंचायत सचिव भुनेश्वर सिंह, अजीत सिंह, सतीश सिंह, विष्णु प्रसाद, अशोक कुमार, राजीव कुमार, विनोद कुमार पासवान के अलावा अस्पताल के कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे।

### मुखिया ने न्यू रूरल पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल का किया उद्घाटन

**भंडरिया।** भंडरिया प्रखंड के कंजिया बाजार में न्यू रूरल पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल का उद्घाटन मुखिया मोनिका खलखो एवं डॉक्टर कादरी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस मौके पर डॉक्टर कादरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों को सुविधा के लिए न्यू रूरल पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल खोली गई है। उन्होंने कहा कि 1 मार्च से स्कूल में बच्चों के नामांकन प्रारंभ किया जाएगा। इसके लिए नामांकन फार्म भरना शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य है ग्रामीण क्षेत्रों में भी अंग्रेजी वातावरण बने और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, उन्होंने कहा कि विद्यालय में कंप्यूटर की भी पढ़ाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए अच्छी सुसज्जित क्लासरूम रहेगा। एक ही परिवार के 3 बच्चों में एक बच्चे का महीना शुल्क माफ कर दिया जाएगा। विद्यालय में खेलकूद के लिए मैदान की व्यवस्था है। इस मौके पर विद्यालय के डायरेक्टर शकील अहमद, प्रिंसिपल फातमी नूर, वाइस प्रिंसिपल तौकीर अहमद, झारखंड मुक्ति मोर्चा के पंचायत अध्यक्ष बजरंगबली, पूर्व मुखिया सूर्यमणि तिर्की, रेखा कुजुर, झारखंड मुक्ति मोर्चा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शंभू यादव, शंभू गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### रविकांत पाठक को मिला राज्य का श्रेष्ठ प्रधानाचार्य पुरस्कार



**श्री बंशीधर नगर।** विद्या भारती के बरगंडा गिरिडीह में आयोजित 28वां प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन में ए श्रेणी के विद्यालयों में सरस्वती विद्या मंदिर, श्री बंशीधर नगर के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक को विद्या भारती की सभी आयामों को गति देने के लिए झारखंड प्रांत के श्रेष्ठ प्रधानाचार्य के रूप में पुरस्कृत किया गया । प्रधानाचार्य को इस उपलब्धि के लिए गढ़वा जिला सह संघचालक काशी महतो, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, सचिव रवि प्रकाश, उपाध्यक्ष डॉक्टर धर्मचंद लाल अग्रवाल, राजकुमार प्रसाद, सह सचिव अनिल कुमार विश्वकर्मा,कोषाध्यक्ष विद्या भास्कर, अभिभावक प्रतिनिधि चंदन कुमार, सदस्य अशोक कुमार सिंह, कृष्णानंद प्रसाद, शैलेश अग्रवाल, हरदयाल उरांव, सदस्या शशिकला, नीरज पांडेय एवं सभी आचार्य दीदीजी और अभिभवाक गण ने हार्दिक बधाई दी है। प्रधानाचार्य सम्मेलन के इस मौके पर विद्या भारती प्रतिभा खोज एवं प्रतिभा चयन में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के विद्यार्थियों को प्राप्त पुरस्कार की राशि भी संबंधित प्रधानाचार्य को प्रदान किया गया। जिसके अंतर्गत इस विद्यालय के भैया अभिजीत राज कक्षा अष्टम, जो अमित कुमार प्रधानाध्यापक, उच्च विद्यालय, चितविश्राम के पुत्र हैं, जिन्हें प्रतिभा चयन में सांत्वना पुरस्कार के रूप में एक हजार रुपए की राशि नगद प्रधानाचार्य को प्राप्त हुई। विद्यालय की इस उपलब्धि पर सभी भैया बहनों, आचार्यों एवं अभिभावकों में हर्ष व्याप्त है।

## कार्यक्रम — फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर चलाया जागरुकता अभियान

# मच्छर के काटने से फैलता फाइलेरिया



**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

चिनिया प्रखंड के खुरी पंचायत में गुरुवार को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर बताया गया कि खुरी पंचायत के ग्रामीण फाईलेरिया की दवा खाने से परहेज कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना था कि कुछ दिन पूर्व फाइलेरिया का दवा खाने से कुछ बच्चे बीमार हो गए थे। ऐसे में ग्रामीणों को हिम्मत नहीं हो रही थी कि वे फाइलेरिया की दवा खायँ। लेकिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर असजद अंसारी के प्रयास से सभी ग्रामीण दवा खाने को लेकर तैयार हुए। वही डॉक्टर असजद अंसारी ने सभी ग्रामीणों के बीच फाइलेरिया का दवा वितरण करते हुए उन्हें दवा खिलाया। साथ ही फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए फाइलेरिया रोग के बारे में बताया। डॉ असजद अंसारी ने कहा कि पिछले 10 फरवरी को आंगनबाड़ी केंद्रों व स्वास्थ्य केंद्र, उपस्वास्थ्य केंद्र तथा विद्यालयों में दवा खिलाया गया था। वहीं 25 फरवरी तक डोर टू डोर दवा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि फाईलेरिया उन्मूलन अभियान में एएनएम, पोषण सखी, सहिया, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका को लगाया गया है। डॉ असजद ने उपस्थित लोगों से इस बीमारी से बचने के उपाय बताते हुए कहा कि फाइलेरिया चूंकि मच्छर के काटने से फैलता है, इसलिए बेहतर है कि मच्छरों से बचाव किया जाए। इसके लिए घर के आस-पास और अंदर साफ-सफाई रखें। पानी जमा न होने दें और समय-समय पर कीटनाशक का छिड़काव करें। पूरी आस्तीन के कपड़े पहने । हाथ या पैर में कहीं चोट लगी हो या घाव हो तो फिर उसे साफ रखें। साबुन से धोएं और फिर पानी सुखाकर दवाई लगा लें। उन्होंने लोगों से सरकार के अभियान का लाभ उठाने की अपील की। यह दवा गर्भवती व गंभीर रोगों से पीड़ित व्यक्ति को नहीं दी जाएगी। इस मौके पर चिनिया प्रखंड के खुरी पंचायत की मुखिया समुद्री देवी, एमपीडब्ल्यू लाल मोहम्मद, समाजसेवी फरीद खान, सहिया किस्मतीय देवी, सेविका सुषमा देवी, रुही देवी, विभूति तिवारी आदि उपस्थित थे।

